RAF SECTOR

NEWS CLIP

11/04/2021

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Hindustan, Meerut(U.P)

रैपो में आईजी ने प्रशिक्षण व्यवस्थाओं का लिया जायजा

शनिवार को रैपो का आईजी ने दौरा किया और प्रशिक्षण की तैयारियों का जायजा लिया।

मेरठ | वरिष्ठ संवाददाता

रैपिड एक्शन फोर्स की लोक व्यवस्था अकादमी (रैपो) में शुरू होने जा रहे महत्वपूर्ण प्रशिक्षणों के मद्देनजर आईजी राधा मोहन मीणा ने शनिवार को दौरा किया। उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं को परखा।

अकादमी में 12 अप्रैल से महाराष्ट्र के अराजपत्रित कार्मिकों के लिए परिवर्तन प्रशिक्षण, दिल्ली सशस्त्र पुलिस बल जवानों के लिए दंगा नियंत्रण प्रशिक्षण और आईटीबीपी जवानों के लिए लोक व्यवस्था प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रारंभ होना है।

19 अप्रैल से भारतीय सेना के जवानों को भीड़ नियंत्रण का प्रशिक्षण मिलेगा। आईजी राधा मोहन मीणा ने प्रशिक्षण सुचारू रूप से चलाने और उन्हें अधिक दक्ष बनाने का निर्देश दिया। आईजी ने कोर्सेज की महत्ता और प्रशिक्षण की सराहना की।

इस दौरान रैपो डीआईजी अखिलेश सिंह, उप कमांडेंट हर्षित चंद्र सिंह नेगी, सहायक कमांडेंट प्रमोद सिंह, गोविंद सिंह नेगी, अजीत कुमार आदि रहे।

समीक्षा

- कल से दंगा नियंत्रण और लोक व्यवस्था प्रबंधन का होगा प्रशिक्षण
- 19 से सेना के जवानों को भीड़ नियंत्रण का प्रशिक्षण मिलेगा

Dainik Jagran, Meerut(U.P)

मेरठ में भीड़ नियंत्रण सीखकर यूएन मिशन में जाएंगे सैनिक

प्रशिक्षण कार्यक्रम से पहले आरएएफ अकादमी का निरीक्षण करते पुलिस महानिरीक्षक रेपो व साथ में अन्य अधिकारी • सौ. आरएएफ

जागरण संवाददाता, मेरठ : अब सेना के जवानों को भी दंगे के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के गुर सिखेंगे। इसके लिए सेना के जवानों को आरएएफ अकादमी में एक सप्ताह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण में दिल्ली पुलिस के जवान दंगा नियंत्रण और आइटीबीपी के जवान लोक व्यवस्था प्रबंधन का पाठ पढ़ेंगे।

- वेदव्यासपुरी स्थित रेपो में 19 अप्रैल से शुरू होगा प्रशिक्षण
- आइटीबीपी और दिल्ली पुलिस के जवान भी होंगे शामिल

आरएएफ अकादमी में 19 से 24 अप्रैल तक चलने वाले प्रशिक्षण में सेना के जवानों को भीड़ नियंत्रण करना सिखाया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए दिल्ली से सेना के बीस जवान आएंगे। प्रशिक्षण लेने के बाद जवान यूएन मिशन के लिए रवाना हो जाएंगे। इसके साथ ही 12 अप्रैल से आरएएफ के अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए द्रुत कार्य बल परिवर्तन प्रशिक्षण, दिल्ली पुलिस के जवानों के लिए दंगा नियंत्रण प्रशिक्षण और आइटीबीपी (भारत-तिब्बत सीमा पुलिस) के जवानों को लोक व्यवस्था प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। शनिवार को पुलिस महानिरीक्षक रेपो राधा मोहन मीणा ने प्रशिक्षण के संचालन और तैयारियों का जायजा लिया। उप महानिरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह ने उनको तैयारी और कोर्स के बारे में जानकारी दी। उप कमांडेंट हरीश चंद्र सिंह नेगी, प्रमोद कुमार सिंह, सहायक कमांडेंट गोविंद सिंह नेगी और अजीत कुमार मौजूद रहे।

AmarUjala, Prayagraj (U.P)

आरएएफ जवानों की पत्नियों ने चलाया सफाई अभियान

प्रयागराज। रैपिड एक्शन फोर्स(आरएएफ) जवानों और अफसरों की पत्नियों ने शनिवार को शांतिपुरम में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया। आरएएफ की 101वीं वाहिनी के परिसर में सैकड़ों महिलाएं एक साथ झाड़ू लेकर निकलीं। इस दौरान वाहिनी की महिलाओं की सस्था कावा की अध्यक्ष सुनीता निगम ने कहा कि घर और बाहर की सफाई के साथ ही दिल और दिमाग की भी सफाई करना जरूरी है। जब मन और बुद्धि साफ रहेगी तो सबकुछ अपने आप स्वच्छ हो जाएगा। इस दौरान महिलाओं ने पूरे परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही आसपास के क्षेत्रों में भी सफाई रखने की लोगों से अपील की। उनका कहना था कि गंदगी जहां होती है, वहीं बीमारियों का डेरा होता है। ऐसे में तेजी से बढ़ने कोरोना संक्रमण के इस दौर में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। साथ ही पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए परिसर में हरियाली लाने पर भी जोर दिया गया। ब्यूरो

शनिवार को आरएएफ जवानों की पत्नियों ने स्वच्छता अभियान चलया।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।